>

Title: Need to accord approval for four-laning of N.H. 59A (Indore-Betul) in Madhya Pradesh.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर): इन्दौर से अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 59 का 4 लेन का कार्य स्वीकृत किया जा चुका है। इसके सथ ही इन्दौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 59-ए है जिसकी वर्तमान स्थिति अत्यंत दयनीय है। जबकि इन्दौर-बैतूल के 4 लेन हो जाने से अहमदाबाद से कोलकाता के मार्ग तक का जुड़ाव विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों द्वारा हो जायेगा। मेरे मत में इसके छोटे से भाग इन्दौर-बैतूल को 4 लेन करने से राष्ट्रीय आवागमन के महत्व के अहमदाबाद से कोलकाता की सुविधा प्राप्त हो सकती है। इससे वर्तमान में उपयोग होने वाले लंबे रास्ते का विकल्प छोटा मार्ग बन सकेगा, इससे यात्रा में समय एवं ईंधन की भी बचत होगी। मेरा सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन है कि इन्दौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग को शीघ्र से शीघ्र 4 लेन निर्माण हेतु स्वीकृत किया जाये।